न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, दौसा

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज सेडूराम बनाम बिरदया वगैराहः प्रकरण संख्या – 68 / 2017 प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
21.12.2018	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 द्वारा निवेदन किया गया कि तत्कालीन पीठासीन अधिकारी उप जिला कलक्टर बांदीकुई श्री चिम्मनलाल मीना का स्थानान्तरण हो चुका हैं। इसलिए विचाराधीन प्रार्थना पत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही हैं। अतः प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थी द्वारा तत्कालीन पीठासीन अधिकारी उप जिला कलक्टर बांदीकुई श्री चिम्मनलाल मीना का स्थानान्तरण हो जाना व्यक्त करते हुये प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किये जाने में आपत्ति नही होना व्यक्त किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 1 द्वारा व्यक्त किया गया है कि तत्कालीन पीठासीन अधिकारी उप जिला कलक्टर बांदीकुई का स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिए प्रार्थना पत्र को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य नही है। अतः न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकुई में विचाराधीन दावा उद्घोषणा इश्तकरार इन्द्राज दुरूस्ती तकास्मा एवं स्थाई प्रतिषेधाज्ञा उनवानी प्रकरण सेडूराम बनाम बिरद्या वगैराह व प्रार्थना पत्र अस्थाई प्रतिषेधाज्ञा उनवानी सेडूराम बनाम बिरद्या वगैराह को अन्य सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरित किये जाने हेतु प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण खारिज किया जाता है। निर्णय की प्रति अधीनस्थ न्यायालय उप जिला कलक्टर बांदीकई को भिजवायी जावे। प्रार्थना पत्र स्थानान्तरण फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। निर्णय आज दिनांक 21.12.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। अति0 जिला कलेक्टर दौसा	Decision copy send 11537 31-12-18

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official